



# मंडी में हेलमेट लगाकर पहुँचे विधायक, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,24अक्टूबर।** कृषि उपज मंडी में बीते 2 माह से किसानों को खाध के टोकन वितरित किये जा रहे थे जिसे लेकर किसानों द्वारा कई बार हंगामा भी कर दिया। खाद वितरण में मिल रही अनियमितताओं की शिकायत को लेकर शुक्रवार सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी में पहचान छिपाकर क्षेत्रीय विधायक कैलाश कुशवाह हेलमेट पहनकर पहुँचे। जहां खाद वितरण के टोकन को लेने किसानों की लंबी भीड़ लगी मिली जिससे किसान परेशान होते नजर आये, जिसके बाद विधायक कैलाश कुशवाह ने तत्काल एसडीएम अनुपम शर्मा व थाना प्रभारी नरेन्द्र कुशवाह को फोन कर सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुचे प्रसाशनिक अमला द्वारा विधायक श्री कुशवाह से बातचीत कर व्यवस्थाओ को सुदृढ़ कराया गया। यहां विधायक कैलाश कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि टोकन वितरण केंद्र कॉउंटरो की कमी है जिसके चलते भीडभाड की स्थिति बनी हुई है। वितरण केंद्र पर दबंग लोगो को सुलभता के साथ टोकन मिल रहे जिससे दूर दराज से खाद लेने पहुँच रहे किसानों को असुविधा हो रही है।

### धोखाधड़ी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली जिला शिवपुरी में घटना दिनांक से फरार आरोपी मिहीलाल पुत्र किशनलाल परिहार उम्र-60 साल निवासी ग्राम हिनोतिया थाना पिछोर जिला शिवपुरी को थाना पिछोर द्वारा गुरूवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## लाल मुरम के खेल पर विभाग अंकुश लगाने में नाकाम



**पोहरी।** पोहरी में सक्रिय माफियाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम प्रशासन हमेशा सुर्खियां बटोरता रहता है। और कभी कभा दिखावे की कार्यवाही कर खुद अपनी पीठ थपथपा लेता है। और उच्च अधिकारियों को दिखाने के लिए मीडिया का सहारा ले लेता है पर मीडिया द्वारा जब किसी गैर कानूनी कार्य की सूचना दी जाती है तो रटी एक ही बात कही जाती है कि जानकारी मिली है दिखवा लेते है, रही बात अधिकारियों की तो तहसीलदार सहित पटवारी अपने मुख्यालय से दूरी बनाकर रहते है।

हम बात कर रहे हैं शिवपुरी जिले की पोहरी अनुभाग के अंतर्गत आने वाली पोहरी तहसील और वन परिक्षेत्र की जहां पोहरी से लगे केदारेश्वर रोड़ पर अवैध उत्खनन लगातार जारी है बता दें कि पोहरी में पदस्त तहसीलदार निशा भारद्वाज अपने मुख्यालय पर निवास नहीं करतीं है और मजे की बात ये है कि किसी भी मामले में तहसीलदार को कॉल किया जाता है तो रटी हुई एक ही लाइन कही जाती है कि आपके द्वारा जानकारी मिली है दिखवा लेते है।

पोहरी क्षेत्र में लगातार चल रहे अवैध उत्खनन अंकुश लगाने में नाकाम राजस्व विभाग को लगातार सूचनाएं प्रदान की जा रही है। पर जब भी जेसीबी द्वारा अवैध उत्खनन किया जाता है और उसकी मौके से सूचना मीडिया कर्मियों द्वारा तहसीलदार पोहरी को देने की कोशिश की जाती है तो फोन अटेंड नहीं किए जाते। आखिर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का इस तरह का रवैया किस ओर इशारा करता है।

इनका कहना है...
मेरी जानकारी में नही है में दिखवा लेती हूं।
**निशा भारद्वाज,**
**तहसीदार पोहरी**

आपने जिस जगह के बारे में बताया है उक्त जमीन को दिखवा लेते है, अवैध तरीके से उत्खनन करना अपराध की क्षेणी में आता है
**अनुपम शर्मा,**
**एसडीएम पोहरी**

## जिला विधिक ने किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,24अक्टूबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक विधिक साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजना चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गतदिवस तीन स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। पुराना अमोला क्रेशर में आयोजित प्रथम शिविर में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर नागरिकों को खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं भोजन के अधिकार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। ग्राम सलैया में द्वितीय शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों को नालसा वरिष्ठ नागरिकों की विधिक सेवा योजना तथा नालसा डॉन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे बुजुर्गों को उनके अधिकारों की पूर्ण जानकारी मिली। ग्राम नया अमोला में तृतीय शिविर में नालसा एसिड हमले से पीड़ितों की विधिक सेवा योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकार, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना तथा ग्राम न्यायालय अधिनियम की व्यापक जानकारी प्रदान की गई।

## नपा के पार्षदों ने सड़क घोटाले को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**वार्ड 17 और 25 में सड़क के नाम पर घोटाले का आरोप, हो जांच**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 24 अक्टूबर।** नगर पालिका के रूष्ट पार्षदों ने एक बार फिर से नपाध्यक्ष को लेकर मोर्चा खोला है और कई वार्डों में सड़क घोटाले को लेकर आरोप लगाते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा है जिसमें मामले की जांच करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस ज्ञापन में प्रमुख रूप से आधा दर्जन पार्षदों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर वार्ड 17 एवं 25 में रोड रिस्टोरेशन के नाम पर हुए घोटाल की शिकायत करते हुए जांच की मांग की। नपा शिवपुरी में चल रहे ऐसे हालातों के बीच एडीएम कार्यवाही का आश्वासन पार्षदों को दिया है।

बताना होगा कि नगर पालिका क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद ओमी जैन, विजय बिंदास, तारा राठौर, राजा यादव सहित आधा दर्जन पार्षद शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट में एडीएम दिनेशचंद्र शुक्ला को शिकायती आवेदन देने आए। जिसमें उल्लेख किया गया है कि वार्ड 17 में सड़क सुधार के नाम पर 18 लाख का भुगतान कर दिया गया, जबकि मौके पर काम नहीं हुआ। ऐसा ही वार्ड 25 में सड़क निर्माण का ठेका लेने वाली मां पीतांबरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार ने किया है। चूंकि एडीएम ने पहले भी नगरपालिका की जांच की है, तो उन्हें पता है कि शहर विकास के लिए करोड़ों की राशि को नपा के ज़िम्मेदारों ने किस तरह ठिकाने लगाया है। ज्ञापन लेने के बाद पार्षदों से चर्चा करते हुए एडीएम ने कहा कि मैने तो अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा है कि नपा में हुए कार्यों की विस्तृत जांच कराई जाना आवश्यक है। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि हमने भोपाल में आयुक्त से लेकर संगठन के लोगों से भी मुलाकात करके चर्चा की, तो उनका कहना था कि नपाध्यक्ष के खिलाफ हमारे पास पर्याप्त प्रमाण हैं, लेकिन कार्यवाही अभी तक क्यों नहीं हुई, यह बात खुद पार्षद नहीं समझ पा रहे।

इनका कहना है–
नगरपालिका में यह सब चल रहा है, जबकि शहर के अभी सभी चौराहों को आकर्षक बनाने के साथ हॉकर्स जॉन, ऑटो स्टेंड, दो बड़े गेट आदि काम होना है शहर विकास के यह सभी कार्य नगरपालिका के माध्यम से होना है, और नपा में इतनी खींचतान मची हुई है।
**दिनेशचन्द्र शुक्ला**
**एडीएम, शिवपुरी**

### भावांतर योजना में समर्थन मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान करेगी राज्य सरकार

**शिवपुरी।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि भावांतर भुगतान योजना भारत सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राइस डिफिसिट स्कीम के तहत संचालित की जा रही है। प्रदेश के किसानों की खरीफ 2025 में उत्पादित सोयाबीन उपज मंडियों में नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से विक्रय होने पर विक्रय दर/मॉडल प्राइस से प्राप्त राशि एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर की राशि की प्रतिपूर्ति मध्यप्रदेश शासन द्वारा की जाना है। इस योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य तथा मॉडल प्राइस की भावांतर की राशि का भुगतान भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। मंडी समिति में किसानों द्वारा अपनी सोयाबीन उपज नीलामी किये जाने के उपरांत व्यापारी द्वारा राशि का भुगतान उसी दिन किसान को किया जायेगा।

## भाईदौज पर भाजपा नेता दिलीप मुदगल ने बहिनो को किया साड़ियों का वितरण



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 24 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप मुदगल के द्वारा पोहरी विधानसभा क्षेत्र में भाई-दौज के पावन अवसर पर बहिनों से तिलक कराते हुए उन्हें उपहार के रूप में साडियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पोहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टोरिया जागीर, ऐसवाया, अमरकुई, विलकुची आदिवासी बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणजनों से उनकी कुशल क्षेम पूछते हुए दीप पर्व दीपावली की बधाईयां दी और ग्रामवासियों की माता-बहिनों से तिलक लगाते हुए भाजपा नेता दिलीप मुदगल के द्वारा सभी बहिनों को उपहार रूप में साडियों का वितरण किया गया। इसके पूर्व भी भाजपा नेता श्री मुदगल ने दीप पर्व दीपावली के अवसर पर पोहरी विधानसभा के अनेकों ग्रामों में माता लक्ष्मी की तस्वीर भेंट की और पूजा-सामग्री सहित मिष्ठान का वितरण किया गया। गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज का त्यौहार मनाते हुए भाजपा नेता दिलीप मुदगल के द्वारा ग्राम-ग्राम जाकर भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी ग्रामवासियें को अवगत कराया जा रहा है ताकि ग्रामवासी इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पोहरी विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। यहां सभी माता-बहिनों को उपहार भेंट करते हुए चरण छूकर आर्शीवाद लिया गया और सभी को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भाजपा नेता दिलीप मुदगल के द्वारा दिया गया। दूर-दराज के क्षेत्रों सहित आदिवासी बस्ती में पहुंचकर दीप पर्व दीपावली का त्यौहार बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

## सैनिक हाजी खान मोहम्मद खान को दी अंतिम विदाई



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,24अक्टूबर।** भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के संस्थापक सैनिक सदस्यों में से स्वर्गीय हाजी खान मोहम्मद खान एक थे जो सन 1963 शिवपुरी से भर्ती हुए थे, उस समय आइटीबीपी को खड़े हुए एक वर्ष भी नहीं हुआ था तब से आप एक अनुशासित, कर्तव्यनिष्ट,देश सेवा से ओतप्रोत तथा ईमानदार सैनिक के रूप में जाने जाते थे। खान की अनुकरणीय सेवाओं के प्रतिफल स्वरूप ही भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल राष्ट्र का अनुशासित व प्रति निष्ट बल बनकर सफलता व कार्यकुशलता की बुलंदियो को छू रहा है। खान साहब ने भारत चीन की अंर्तराष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात रहते हुए जम्मू व कश्मीर के लद्दाख, हिमालय उत्तराखंड के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में अपनी कर्तव्य पराकाष्ठा का प्रमाण दिया था। जहां पर वर्ष भर बहुत ही न्यूनतम तापमान रहता है तथा उस कालखंड में बहुत ही सीमित संसाधन हुआ करते थे। उस समय श्री खान के द्वारा भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल में अपनी सेवाएं दी थीं और 25 वर्ष की देश सेवा करने के उपरान्त 1988 में सेवा निवृत हुए। इसी दौरान श्री खान के जेष्ठ पुत्र राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से प्रभावित होकर स्वयं सैनिक धर्म अपनाते हुए अपने पिता के प्रेरणा स्त्रोत आदेश को मानते हुए भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती हुए और इरफान खान उप निरीक्षक के पद पर वर्तमान में 38 वीं बटालियन रायपुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खान मोहम्मद साहब बुजुर्ग होने के साथ साथ लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जिसके चलते आपने ग्वालियर में इलाज के दौरान अंतिम सांस लेते हुए इस संसार को अलविदा कहा, वह अपने पीछे अपना एक भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए है। दूरसंचार वाहिनी एवं आइटीबीपी पुलिस शिवपुरी के द्वारा बल की परंपराओं का अनुसरण करते हुए महेश कलावत उप महानिरीक्षक तथा बल महानिदेशक की ओर से सैनिक को पुष्प चक्र समर्पित करते हुए अपने बहादुर संस्थापक सैनिक सदस्य को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सैन्य सम्मान के साथ शिवपुरी के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया। इस दु:ख की घड़ी में शहर वासियों ने अपने राष्ट्र सैनिक हाजी खान मोहम्मद साहब को नम आंखों से अंतिम विदाई दी, राष्ट्र एवं बल इनके सैनिक धर्म व कर्त्तव्य निष्ठा का हमेशा साक्षी एवं ऋणी रहेगा।

### कै.माधो महाराज प्रथम की जयंती 26 को, सादगी से मनाई जाएगी

**शिवपुरी।** कै. श्रीमंत माधौ महाराज समारोह समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण मित्तल मुन्ना भैया, संयोजक मोहन मधुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल गर्ग, कार्यकारी अध्यक्ष मनीराम राठौर, मीडिया प्रभारी ब्रज दुबे, राजकुमार शर्मा, विपिन शुक्ला मामा, राजू ग्वाल ने बताया कि आगामी 26 अक्टूबर रविवार को नगर के माधवचौक पर कै.माधौ महाराज प्रथम की जयंती सुबह,10.30 बजे मनाई जाएगी। समिति अध्यक्ष रामकृष्ण मित्तल ने बताया कि कै.माधो महाराज समिति द्वारा वर्ष 1976 से माधो महाराज जयंती दीपावली के बाद पंचमी को मनाती चली आ रही है। इस बार भी 26 अक्टूबर रविवार को निश्चित समय पर मनाई जाएगी।

## भारत-चीन युद्ध के उपरान्त राष्ट्र की सीमाओं की मजबूती के उद्देश्य से हुई आईटीबीपी बल की स्थापना : डीआईजी कलावत



**दूरसंचार वाहिनी आईटीबीपी में संस्थान ने मनाया बल का 64वां स्थापना दिवस**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,24अक्टूबर।** शहर में स्थित दूरसंचार वाहिनी तथा संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा बल का 64वाँ स्थापना दिवस शुक्रवार 24 अक्टूबर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दूरसंचार वाहिनी तथा संचार एवं सूचना प्रौदयोगिकी संस्थान, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों के साथ-साथ बल के भूतपूर्व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम महेश कलावत उप-महानिरीक्षक, दूरसंचार वाहिनी द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके उपरान्त कार्यक्रम का शुभारम्भ सुसज्जित परेड के साथ हुआ, जिसकी कमान भूपेन्द्र सिह गुसांई, उप सेनानी द्वारा संभाली हुई थी, परेड की सलामी के उपरान्त महेश कलावत, उप-महानिरीक्षक ने समस्त पदाधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को 64वें बल स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। महेश कलावत, उप-महानिरीक्षक दूरसंचार वाहिनी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं हिमवीरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के उपरान्त राष्ट्र की सीमाओं की मजबूती से हिफाजत करने के उद्देश्य से आज के ही दिन यानी 24 अक्टूबर, 1962 को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की स्थापना हुई थी, तब से लेकर आज तक हमारे जवान काराकोरम पास लद्दाख से जेलेप-ला अरुणाचल प्रदेश तक लगभग 3 हजार 488 किमी. सीमा की निगरानी के कार्य को अंजाम देने के लिए 9000 से 18000 फीट की ऊँचाई तक स्थित सीमा चौकियों पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे है। बल स्थापना दिवस के अवसर पर दूरसंचार वाहिनी के परेड ग्राउण्ड में मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की स्टॉलें लगाई गयों। इस अवसर पर भातिसीपु बल के पदाधिकारियों के साथ-साथ हिमवीर परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के लिए खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, प्रतिययोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## कार-ऑटो की टक्कर से राहगीर जख्मी, मामले दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 24 अक्टूबर।** अंबाह क्षेत्र में 19 अक्टूबर को बलेनो कार क्रं. एमपी50-सी-8169 के चालक ने रिंकू गहलोत पुत्र शिवसिंह गहलोत नि. डगरन का पुरा डंडौली को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। वहीं महुआ पुलिस ने ऑटो क्रं. एमपी06-जेडजी-3699 के चालक के विरुद्ध धारा-281, 125 के तहत दुघर्टना कारित करने का केस दर्ज किया है। ऑटो के ड्राईवर ने 25 सितंबर को रछेड़ रोड पर विपिन शर्मा नि. गुढ़ा हाल पूठ रोड अंबाह को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था।

### रंचौली गांव में युवक की मारपीट

मुरैना, 24 अक्टूबर। नूराबाद क्षेत्र के ग्राम रंचौली में 23 अक्टूबर को वकील सिंह गुर्जर ने रवि गुर्जर 31 पुत्र रमेश सिंह गुर्जर की गालियां देते हुए मारपीट कर डाली।

### मातावसैया में मारपीट के दो अलग-अलग केस दर्ज

**मुरैना, 24 अक्टूबर।** मातावसैया पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दो अलग-अलग केस दर्ज किए है। पुलिस ने अर्जुन पुत्र लक्ष्मी कुशवाह नि. हुराई का पुरा की रिपोर्ट पर नीरज, प्रेमसिंह, विनोद कुशवाह के विरुद्ध तथा खेड़ा मेवदा निवासी राकेश पुत्र रूप सिंह माहौर की रिपोर्ट पर ग्याप्रसाद, रिंकू, बनवारी, धर्मेन्द्र, अमित, रंजीत माहौर के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज किए है।

## मुरैना कलेक्टर के तीखे तेवर, अधीनस्थों को हिदायत-जनता के काम में ढील बर्दास्त नहीं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना,24अक्टूबर।** जिला मुख्यालय सहित तहसीलों में ट्रैफिक व्यवस्था की स्थिति बदहाल है। जहां-जहां ट्रैफिक की समस्या है, वहां से आम सहमति लेकर संबंधित एसडीएम, निकाय सीएमओ और पुलिस अधिकारी अतिक्रमण हटाएं। अगर अतिक्रमणकारी नहीं मानें तो पुलिस बल का सहयोग लें ताकि लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। यह बात कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शुक्रवार को टीएल बैठक में सभी विभाग प्रमुखों से कही।

टीएल बैठक में कलेक्टर के तीखे तेवर देखने को मिले। उन्होंने विभाग प्रमुखों को हिदायत देते हुए कहा कि जनता से जुड़े कामों में लेटलतीफी और लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व कार्यालयों में लैंड रिकॉर्ड सुव्यवस्थित किए जाएं। जो भी रिकॉर्ड जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, उन्हें व्यवस्थित कर क्रमांकित करें और प्लास्टिक बॉक्स में सुरक्षित रखा जाए। इसके बाद रिकॉर्ड को क्रमवार कम्प्यूटर में फीड करवाया जाए। उन्होंने विद्यालय निर्माण हेतु भूमि आवंटन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**सडक़ों से गंदगी हटाने डोर-टू-डोर हो कचरा कलेक्शन:** कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त सतेंद्र धाकरे को निर्देश दिए कि शहर में कचरे का डोर-टू-डोर कलेक्शन नियमित रूप से हो, कहीं भी गंदगी न दिखे। साथ ही सभी तहसीलों में खेल स्टेडियमों का रख-रखाव और साफ-सफाई संबंधित निकायों के सीएमओ सुनिश्चित करें। जरूरत हो तो स्टेडियमों में रात्रि के समय सुरक्षाकर्मी तैनात करें। सफाई के बाद संबंधित पंचायत स्टेडियम का नियमित रख-रखाव करें।

**मंडी सचिव अपनी मौजूदगी में कराएं भावांतरण योजना के तहत खरीदी:** भावांतर योजना के अंतर्गत खरीदी के समय राजस्व अमला एवं संबंधित मंडी सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एडीएम अश्विनी रावत, नगर निगम आयुक्त, सभी जिला अधिकारी, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

### सबलगढ़ में युवती व बागचीनी में युवक की मारपीट

**मुरैना, 24 अक्टूबर।** सबलगढ़ थाना पुलिस ने कु. सुरक्षा 18 पुत्री बाबूलाल केवट नि. भागीरथ का पुरा कलरघटी की रिपोर्ट पर हेमराज, उदयभान, मातादीन, घमंडी केवट के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। उधर बागचीनी में धर्मसिंह 28 पुत्र धनीराम जाटव नि. छिछावली की रिपोर्ट पर सूरज जाटव के विरुद्ध मारपीट का अपराध दर्ज किया

### जिले में कार्बाइड गन का निर्माण, क्रय, विक्रय व उपयोग प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 24 अक्टूबर।** जिले में अत्यधिक ध्वनि करने वाले अवैध संशोधित पटाखे, प्लास्टिक पाइप और कैल्शियम कार्बाइड से बनी कार्बाइड गन तथा इसी प्रकार के अन्य खतरनाक उपकरणों के निर्माण, भण्डारण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार चौधरी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत इस आशय का प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। अत्यधिक ध्वनि करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) तैयार कर विक्रय किये जा रहे हैं।

## पंजाबी परिषद का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,24अक्टूबर।** गत दिवस नक्षत्र गार्डन में पंजाबी परिषद शिवपुरी द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट का आयोजन किया गया ! इस अवसर पर सूफी नाइट का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रीकृष्णा साउंड एवं इवेंट द्वारा भोपाल की गायिका माही ठाकुर एवं एसके झा गायक कलाकार ने अपने 6 सदस्य बैंड के साथ प्रस्तुतियां दी।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नवनीत भसीन डीआईजी उज्जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रजीत चावला अध्यक्ष पंजाबी परिषद ने की एवं आभार पुनीत भसीन महासचिव पंजाबी परिषद द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोगों ने स्वादिष्ट अन्नकूट के साथ भजनों एवं सूफी गीतों का भी आनंद लिया, ओ लाल मेरी पत रखियो झूले लालन, तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी, यह जो हल्का-हल्का सुरूर है, यारा तेरी यारी को हमने खुदा माना, सादगी तो देखिए हमारी जरा, साडे नाल रहोगे तो ऐश करोगी आदि गीतों पर समाज के लोग जमकर नाचे। इस दौरान परिषद के कोषाध्यक्ष जतिन सेठी ने बताया कि कार्यक्रम में सहयोग के लिए युवा पंजाबी परिषद एवं समाज को कम रेट में भूमि देने पर गुरजीत कौर एवं सुरेंद्र सिंह मखीजा, समाज के लोगों के लिए दु:ख में के अवसर पर कार्य करने हेतु नरेश नरूला एवं अजय विरमानी व पूर्व परिषद के पदाधिकारी सुनील भूगड़ा, संजय ढींगरा एवं संजीव सलूजा का मंच से सम्मान किया गया।